राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक पाठ्यक्रम : गृह विज्ञान
पाठ 6 : पर्यावरण
कार्यपत्रक - 6

1. पान्डेमिक लॉकडाउन के दौरान सड़कों पर करीब एक महीने तक गाड़ियाँ नहीं चलीं थीं। इसका पर्यावरण पर क्या असर पड़ा? लिखिए।
2. हमारे देश में स्वच्छता अभियान चलाने की आवश्यकता क्यों थी? क्या इसका हमारे जीवन पर कोई प्रभाव पड़ा है?स्पष्ट कीजिये।
3. आपके मतानुसार क्या दूर समुद्र में हुए तेल रिसाव का हम पर कोई असर पड़ सकता है? अपने उत्तर का स्पष्टीकरण दीजिये।
4. अपने आस-पास के लोगों को देखें और उनकी दो आदतें चिह्नित कीजिए जो हमारे पर्यावरण को दूषित करती हैं। क्या आप में ऐसी कोई आदत है?
5. यदि विश्वभर में कोई वन न हो तो क्या होगा? कल्पना कीजिये और लिखिए।
6. शहर में कचरे के निपटान के लिए भूमि भराव के तरीके का मूल्यांकन कीजिए।
7. पांच तरीक लिखिए जिनसे आप स्वयं ध्वनि प्रदूषण को कम कर सकते हैं।
8. भारत सरकार के 'ईच वन प्लांट वन' कार्यक्रम का हमारे पर्यावरण पर क्या असर हुआ? लिखिए।
9. 'ईको मार्क' का लोगो पता कीजिये। इस चिह्न का क्या महत्त्व है?
10. सर्दी की रातों में लोग गर्मी के लिए सूखे पत्ते जलाते हैं। लिखिए कि ऐसा करने के क्या परिणाम होंगे?